presently under construction, company-wise, is given below:—

Company	CHPs installed as on 1-4-1993 No.	CHPs under construction No.
Eastern Coal fields Ltd.	52	7
Bharat Coking Coal Ltd.	17	4
Central Coal fields Ltd.	22	3
Northern Coal fields Ltd.	8	5
South Eastern Coal fields Ltd.	43	2
Mahanadi Coal fields Ltd.	18	5
Western Coal fields Ltd.	38	4

(c) Cost of transportation of coal depends on the distance from mines to consuming centres and the mode of transport. CHPs marginally reduce the transport cost of coal from pit-head to railway sidings.

बिहार, मध्य प्रदेश और उड़ीसा में कोयला खानों की स्थिति

1780. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्यप्रदेश, बिहार तथा उड़ीसा में बेकार हो गई खुली तथा भूमिगत कोयला खानों की संख्या और उनसे जुड़ी बेकार पड़ी भूमि के क्षेत्र का पृथक रूप से राज्यवार ब्यौरा क्या है,

(ख) इन अनुपयोगी खानों तथा इनसे जुड़ी भूमि के वैकल्पिक उपयोग हेतु किस पद्धति को प्रयोग में लाया जाएगा ;

(ग) क्या सरकार ने इन अनुपयोगी खानों को भरने तथा बेकार पड़ी भूमि के पुन: उपयोग हेतु कोई कार्यवाही की है अथवा करने का विचार रखती है; और

(घ) इन राज्यों के कोयला अंचलों में खाली पड़ी और अनुपयोगी भूमि में से कृषियोग्य भूमिक्षेत्र का ब्यौरा क्या है ?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री अजीत कुमार पांजा) : (क) और (घ) इस संबंध में ब्यौरे केंद्रित रूप में नहीं रखे जाते हैं । इस सूचना को एकीकृत करने और संकलन करने के मामले में अपेक्षित समयावधि तथा संसाधन इस उद्देश्य से जिसके लिए इनका संकलन किया गया है, के अनुरूप नहीं होंगे ।

(ख) और (ग) जहां कहीं भी संभव होता है खनन किए जाने के बाद भूमि को प्रयोग में लाए जाने के प्रयास किए जाते हैं । ओपेनकास्ट खानों में भराई का कार्य यथासंभव किया जाता है । मलबे के डम्पों पर वृक्षारोपण का कार्य पुन: सुदृढ़ीकृत किए जाने के लिए किया जाता है और यह कार्य उदभिज्ज उपलब्ध किए जाने के लिए भी किया जाता है। इन क्षेत्रों को मनोरंजन पार्कों, मछली के तालाबों, आदि के लिए भी प्रयोग में लाया जाता है । ये सभी कार्रवाही पारिस्थिति की संतुलन को बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासों के अंतर्गत किय जाता है ।